कान्हीवाड़ा की पंचायतों में 'उदय ट्रेडर्स' के नाम पर लोहा-सीमेंट, ईंट और गिट्टी के बिल!

कामता में दुकान के अस्तित्व पर सवाल, पंचायत रिकॉर्ड में लाखों की सामग्री खरीदी का दावा , जीएसटी बिलों की भी होगी जांच

सिवनी नवभारत। कान्हीवाड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पंचायत निधि से की गई कथित सामग्री खरीदी को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामने आए दस्तावेजों के अनुसार 'उदय ट्रेडर्स' के नाम से लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी जैसी निर्माण सामग्री के बिल पंचायतों के रिकॉर्ड में लगाए गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन बिलों के आधार पर पंचायतों से भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है, उस प्रतिष्ठान की वास्तविकता क्या है और क्या संबंधित पंचायतों को वास्तव में इतनी मात्रा में निर्माण सामग्री उपलब्ध कराई गई थी?

स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि ग्राम कामता में 'उदय ट्रेडर्स' नाम से कथित दुकान का वास्तविक संचालन दिखाई नहीं देता, इसके बावजूद पंचायतों के रिकॉर्ड में उसके नाम से निर्माण सामग्री की खरीदी के बिल कैसे सामने आ रहे हैं?

मामला सामने आने के बाद अब बिलों की सत्यता, सामग्री की वास्तविक आपूर्ति और जीएसटी भुगतान की जांच की मांग उठ रही है।

बताया जा रहा है कि पंचायतों में लगाए गए बिलों में सामान्य सामग्री नहीं, बल्कि निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाली प्रमुख सामग्री दर्ज है। इनमें लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी शामिल हैं।

ऐसे में जांच का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह होगा कि बिलों में जितनी मात्रा दर्शाई गई है, उतनी सामग्री वास्तव में पंचायत तक पहुंची भी थी या नहीं। मसलन कितने टन लोहा खरीदा गया? सीमेंट की कितनी बोरियां पंचायत में पहुंचीं? कितनी ईंट और कितनी गिट्टी की आपूर्ति हुई? यह सामग्री किस निर्माण कार्य में इस्तेमाल हुई? सामग्री पंचायत के किस स्थान पर उतारी गई? उसकी प्राप्ति किसने प्रमाणित की? इन सवालों का जवाब पंचायत के स्टॉक रजिस्टर, सामग्री प्राप्ति प्रमाण-पत्र, निर्माण कार्यों के रिकॉर्ड और मौके की जांच से आसानी से सामने आ सकता है।

इसके साथ ही यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि उदय ट्रेडर्स का जीएसटी पंजीयन कब हुआ? जीएसटी में प्रतिष्ठान का वास्तविक पता क्या दर्ज है? संबंधित फर्म किस व्यवसाय के लिए पंजीकृत है? पंचायतों के नाम से कितने टैक्स इनवॉयस जारी किए गए?



बिलों में दर्शाई गई कुल राशि कितनी है? जीएसटी रिटर्न में इन बिक्री का उल्लेख है या नहीं? ई-वे बिल उपलब्ध हैं या नहीं? इतनी मात्रा में लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी की खरीद/बिक्री का रिकॉर्ड मौजूद है या नहीं?

यदि बिल वास्तविक लेनदेन से मेल खाते हैं तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। वहीं रिकॉर्ड और वास्तविकता में अंतर मिलने पर मामला गंभीर हो सकता है।

इस मामले में केवल कागजी जांच पर्याप्त नहीं होगी। जिन पंचायतों में इन बिलों के आधार पर भुगतान किया गया है, वहां मौके पर जाकर यह भी देखा जाना चाहिए कि बिलों में दर्शाई गई सामग्री का इस्तेमाल किस कार्य में हुआ।

यदि किसी पंचायत ने लाखों रुपये की निर्माण सामग्री खरीदी है, तो संबंधित निर्माण कार्य में उसकी मात्रा का अनुमान लगाया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी बिल में बड़ी मात्रा में सीमेंट, लोहा, ईंट और गिट्टी की खरीदी दर्शाई गई है, तो यह भी देखा जाना चाहिए कि पंचायत में उस अनुपात का कोई निर्माण कार्य हुआ है या नहीं। बिल की मात्रा और वास्तविक निर्माण कार्य का मिलान इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकता है।

कान्हीवाड़ा क्षेत्र में कमलेश चंद्रवंशी का नाम भी इस पूरे मामले को लेकर चर्चा में बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वे एक स्कूल के संचालन से भी जुड़े हुए हैं।

स्कूल संचालन से संबंधित गतिविधियों को लेकर भी दस्तावेजी जानकारी जुटाए जाने की बात सामने आ रही है। इस संबंध में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनका दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर अलग से खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

हालांकि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने से पहले संबंधित दस्तावेजों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित पक्ष का जवाब लेना आवश्यक है।

इसके साथ ही पंचायतों के भुगतान रिकॉर्ड की भी जांच की मांग उठ सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी राशि किसके खाते में और किस आधार पर भुगतान की गई।

फिलहाल पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि कान्हीवाड़ा क्षेत्र की पंचायतों में लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी की खरीदी के लिए लगाए गए 'उदय ट्रेडर्स' के बिल वास्तविक हैं या नहीं। यदि प्रतिष्ठान वास्तविक है तो उसकी जीएसटी जानकारी, व्यापार स्थल और सप्लाई रिकॉर्ड से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन यदि मौके पर प्रतिष्ठान का अस्तित्व नहीं मिलता और इसके बावजूद बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री की सप्लाई के बिल पंचायतों में लगाए गए हैं, तो यह जांच का गंभीर विषय बन जाएगा। अब पंचायतों के दस्तावेज, जीएसटी रिकॉर्ड और मौके की वास्तविक स्थिति के बीच होने वाला मिलान ही पूरे मामले की सच्चाई सामने लाएगा।

पंचायतों के जिम्मेदारों की भूमिका भी होगी महत्वपूर्ण

यदि किसी पंचायत में लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी की खरीदी हुई है तो उसके लिए बिल के साथ-साथ मांग पत्र, स्वीकृति, कोटेशन/खरीदी प्रक्रिया, सामग्री प्राप्ति प्रमाण-पत्र, स्टॉक रजिस्टर और भुगतान रिकॉर्ड मौजूद होना चाहिए। ऐसे में जांच एजेंसियों के लिए यह पता लगाना जरूरी होगा कि इन सभी दस्तावेजों में आपसी तालमेल है या नहीं। यदि बिल में सामग्री खरीदी दिखाई गई है लेकिन पंचायत के स्टॉक रजिस्टर में उसका उल्लेख नहीं है, अथवा सामग्री प्राप्ति का कोई प्रमाण नहीं है, तो सवाल और गहरा जाएगा। मामले को लेकर अब जीएसटी विभाग में शिकायत किए जाने की तैयारी की जा रही है। शिकायत में उदय ट्रेडर्स के नाम से जारी बताए जा रहे बिलों की जांच, जीएसटी पंजीयन की वास्तविकता, बिक्री एवं खरीद रिकॉर्ड, जीएसटी रिटर्न तथा संबंधित लेनदेन की जांच की मांग की जाएगी।

दुकान नहीं तो इतनी बड़ी सप्लाई कैसे?

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल 'उदय ट्रेडर्स' के अस्तित्व और कारोबार को लेकर है। यदि ग्राम कामता में इस नाम का प्रतिष्ठान वास्तविक रूप से संचालित नहीं है, तो फिर पंचायतों में लोहा, सीमेंट, ईंट और गिट्टी की सप्लाई के बिल किस आधार पर जारी हुए? बताया जा रहा है कि उदय ट्रेडर्स के नाम से लगाए गए बिलों में जीएसटी भी लिया गया है। यदि ऐसा है तो संबंधित बिलों का जीएसटी रिटर्न और विभागीय रिकॉर्ड से मिलान किया जाना बेहद महत्वपूर्ण होगा। जांच में यह देखा जाना चाहिए कि पंचायतों से वसूली गई जीएसटी राशि संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा सरकार के खाते में जमा की गई या नहीं।

एक नजर में

गौ सम्मान आव्हान अभियान में शामिल होने की अपील

ऐ— आज सिवनी जिले में गौ सम्मान आवाहन अभियान के इस अवसर पर रक्षा सूत्र का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आज कुछ मात्र शक्तियों को रक्षा सूत्र सिवनी के संत के द्वारा बांधा गया है और सभी से एक आग्रह अपील किया कि निवेदन किया की गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए हम सभी को एकत्रित होकर इस अभियान में जुड़ना होगा जिससे 17 दिसंबर को भोपाल में जंबूरी मैदान पर मध्य प्रदेश के द्वारा संतो और गौ भक्तों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान सिर्फ और सिर्फ गौ माता और नंदी बाबा का, इस अभियान में किसी पार्टी व्यक्ति विशेष या कोई संगठन का नहीं है इसमें सिर्फ जो गौ भक्त हैं जो गौ सेवक हैं जो गौ प्रेमी है उनके द्वारा सहयोग किया जा रहा है इस अभियान के मुख्य हमारे नंदी बाबा और गौ माता है आप सभी से निवेदन है कि हस्ताक्षर सीट पर अपना हस्ताक्षर जरूर करें और गौ माता को राष्ट्रमाता बनाएं

आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो गंभीर घायल

सिवनी। घंसौर थाना क्षेत्र के जम्होडी गांव के समीप रविवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों व राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। जानकारी के अनुसार दुर्घटना रविवार शाम करीब 4 बजे जम्होडी गांव के पास हुई। आमने-सामने हुई टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से

विधायक ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति पर जताया आभार

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा बीटी मार्गों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास कार्य योजना के अंतर्गत सिवनी विधानसभा क्षेत्र को दो प्रमुख बीटी मार्गों की सौगात मिली है। इस सौगात के लिए भाजपा विधायक ने सिवनी की जनता की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री. मोहन यादव एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा कि मार्गों के निर्माण से आवागमन में क्षेत्रवासियों को सुगमता मिलेगी। हाल ही में संपन्न हुई शासन की उच्च स्तरीय बैठक में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 9.82 करोड़ (982 लाख) रुपये की लागत से बनने वाली दो बीटी सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें एनएच 44 से ग्राम बिहीरिया बीटी मार्ग लंबाई 1.55 किलोमीटर एवं ग्राम बखारी बस्ती से बखारी पंचायत पहुंच बीटी मार्ग लंबाई 1.5 किलोमीटर है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इन दोनों मार्गों के निर्माण की मांग की जा रही थी।

पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर आपदा मित्रों ने संभाला मोर्चा

डेम के जलभराव से दूरी बनाए रखने की दी समझाइश

छपारा नवभारत। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में देश-प्रदेश में प्रसिद्ध एशिया के सबसे बड़े मिट्टी के बांध भीमगढ़ डेम लेकर चल रहे हैं। जहां पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए आपदा मित्रों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल, 24 अगस्त को जिला होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा 60 आपदा मित्रों को आपदा से बचाव और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया था, जिसका असर अब धरातल पर नजर आ रहा है।

30 अगस्त रविवार को भीमगढ़ डेम में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। इस दौरान बाउंड्री वॉल पार कर जलभराव और कैचमेंट एरिया की ओर पहुंचे लोगों को आपदा मित्र इरशाद खान सहित भीमगढ क्षेत्र से अन्य आपदा मित्रों ने समझाइश दी।

आपदा मित्रों ने बताया कि वर्तमान में डेम का जलस्तर अधिक है, ऐसे में जलभराव के बिल्कुल समीप न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। सेल्फी के लिए जोखिम उठाना दुर्घटना का कारण बन सकता है। ईद मिलादुन्नबी, रक्षाबंधन और कजलियां पर्व के चलते क्षेत्र में बड़ी संख्या में मेहमान और पर्यटक पहुंचे हैं। ऐसे में सावधानी ही सुरक्षा है।

तिराहे पर नाली से फिसलकर गिरकर हो रहे चोटिल, समतलीकरण कार्य किए जाने की मांग

छपारा नवभारत। नगर लिए चल रहे हैं जहां नगर के बस स्टैंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालय, बाजार, सोसायटी, बैंक और नगर को जाने वाले आवागमन में चौबीसों घंटे व्यस्त रहने वाले मार्ग के तिराहे पर क्षेत्रीय जनों द्वारा बताया गया कि उक्त सड़क के हिस्से पर अनेक बाइक सवार जिसमें महिलाएं सहित अधिकांश बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं दरअसल वहां नल-जल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के लिए तिराहे में नाली सड़क खोदकर उसमें पाइपलाइन क्रासिंग की गई है और पक्के कंक्रीट नहीं होने से दोनों सड़कों का उंचाई गड़बड़ा गई है वहीं जैसे ही वहां से बाइक सवार गुजरते हैं फिसलकर गिर रहे हैं जिसे लेकर नगरवासियों ने सड़क के उक्त हिस्से को समतलीकरण कार्य किए जाने की मांग जल्द से जल्द की जा रही है जिससे आवागमन सुचारू ढंग से हो सके और राहगीरों को फिसलकर गिरना न पड़े।

इनका कहना है

मैं कल देख कर बता पाऊंगी।

गीता बाल्मिक, सीएमओ, नगर परिषद

दशकों पुरानी परंपरा में कजलियां पर्व पर हुआ शस्त्र पूजन एवं प्रदर्शन

कान्हीवाड़ा नवभारत। कजलियां पर्व के अवसर पर कान्हीवाड़ा में महावीर व्यायाम शाला एवं बजरंग व्यायाम शाला के तत्वावधान में दशकों पुरानी शस्त्र पूजन एवं प्रदर्शन की परंपरा का निर्वहन किया गया। इस दौरान युवाओं के साथ छात्राओं ने भी विभिन्न पारंपरिक शस्त्रों का कुशल संचालन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में तलवार, ढाल, चाकू, बल्लम एवं फरसा सहित अन्य शस्त्रों के प्रदर्शन के साथ कई कठिन शस्त्र विद्याओं का रोमांचक प्रदर्शन किया गया। विभिन्न मंदिरों के सामने शस्त्र संचालन की कला का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद भव्य चल समारोह निकाला गया, जो बस स्टैंड, दुर्गा चौक एवं बाजार चौक से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरा। चल समारोह के दौरान भी प्रतिभागियों द्वारा शस्त्र कौशल का प्रदर्शन किया गया। अंत में दोनों व्यायाम शालाओं में पहुंचकर चल समारोह का समापन हुआ। आयोजकों ने बताया कि कजलियां पर्व पर शस्त्र पूजन एवं प्रदर्शन की यह परंपरा कई दशकों से निरंतर चली आ रही है। आयोजन के माध्यम से पारंपरिक शस्त्र कला, शौर्य, अनुशासन एवं व्यायाम की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

4 सितंबर को होगा जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

सिवनी। जिले में योग खेल को बढ़ावा देने और युवाओं सहित आम नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 4 सितंबर, शुक्रवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला सिवनी योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं महर्षि पतंजलि योग ध्यान साधना संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन माउंट लिटेरा स्कूल, सिवनी में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9 बजे से होगी और प्रतियोगिता का समापन शाम 4 बजे तक किया जाएगा। आयोजन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से योग से जुड़े खिलाड़ी, प्रशिक्षक, कोच एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

श्री राम चरित मानष परायण विश्राम हुआ हवन-पूजन भंडारा के साथ समापन

छपारा नवभारत। नगर पर बस स्टैंड के समीप स्थित गौरीशंकर मंदिर लिए चल रहे हैं जहां विगत 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर्व से प्रारंभ हुई श्रीराम चरित मानष के 34 परायण, सुंदर काण्ड का भक्तों द्वारा 151 सहित हनुमान चालीसा का पाठ 501 वाचन किया गया वहीं मंदिर में रुद्राभिषेक पूरे श्रावण मास भर प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को मंदिर में विराजमान दोनों ओर शिव लिंग पर भक्तों द्वारा जोड़ों के साथ अभिषेक विधिवत पूजा अनुष्ठान संपन्न कराए गए वहीं नगर के भव्य एवं सुन्दर मंदिर पर पहुंचकर नगर सहित क्षेत्रीय जनों द्वारा दर्शन पूजन करने का क्रम वर्ष भर बना रहता है।

मंदिर में विराजमान भगवान शिव पार्वती विघ्नहर्ता श्री गणेश सहित पूरा परिवार की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित हैं वहीं पूरे माह भर चले श्री राम चरित्र मानष के अखंड पाठ एवं अनुष्ठान संपन्न होने पर 30 अगस्त को प्रात: 9.30 बजे से अभिषेक एवं पूजन वहीं सुबह 10.30 बजे से हवन पूजन एवं आरती और आज 30 अगस्त को रविवार दोपहर 1.30 बजे से भोजन प्रसादी भंडारा आयोजित किया गया है जो देर शाम तक आयोजित किया गया। मंदिर समिति के सभी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया वहीं क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के अनुज ठाकुर अवनीश हरवंश सिंह ने भी दोपहर लगभग ढाई बजे पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

विक्षिप्त अवस्था में अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

छपारा नवभारत। नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम गणेशगंज और छपारा के बीच एनएच-44 फोरलेन सड़क मार्ग के किनारे घनी झाड़ियों में रविवार 30 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोपहर करीब 3 बजे सूचना मिलने पर लखनादौन एसडीओपी पुलिस अपूर्व भलावी एवं छपारा थाना प्रभारी खैमेंद्र कुमार जैतवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

पुलिस के अनुसार शव गांव कुहिया के समीप फोरलेन सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला, जो प्रथम दृष्टया करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम एवं शिनाख्त के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा पहुंचाया।

एसडीओपी अपूर्व भलावी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस जांच और शव की शिनाख्त के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

लंबी बीमारी के बाद श्याम गिरी गोस्वामी का निधन, परिवार ने इलाज के दौरान की भरपूर सेवा

सिवनी नवभारत। जिले सिवनी के ग्राम बाबा मोहगांव निवासी श्री श्याम गिरी गोस्वामी (मुन्ना गिरी) का लंबी बीमारी के चलते रविवार, 30 अगस्त 2026 को शाम करीब 4 बजे उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से ग्राम बाबा मोहगांव सहित परिजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।बताया गया कि श्याम गिरी गोस्वामी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीमारी के दौरान उनका उपचार स्थानीय स्तर के साथ-साथ नागपुर में भी कराया गया। परिजनों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हरसंभव प्रयास किए। इलाज के दौरान परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी पूरी लगन और समर्पण के साथ सेवा की तथा हर समय उनके साथ खड़े रहे। परिवारजनों की सेवा, उपचार और तमाम प्रयासों के बावजूद आखिरकार रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली और इस दुनिया को अलविदा कह दिया।उनके निधन से परिवार ने अपना एक महत्वपूर्ण सदस्य खो दिया है। उनके परिचितों एवं शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।स्वर्गीय श्याम गिरी गोस्वामी का अंतिम संस्कार सोमवार, 31 अगस्त 2026 को ग्राम बाबा मोहगांव में सुबह करीब 11 बजे किया जाएगा। अंतिम संस्कार में परिजन, रिश्तेदार, ग्रामीण एवं शुभचिंतक उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई देंगे।

बरघाट से 27 तीर्थयात्री मथुरा-वृंदावन रवाना होंगे, नगर परिषद ने दिए टिकट

बरघाट। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सिवनी जिले को 196 यात्रियों का कोटा मिला है। इसके तहत मथुरा-वृंदावन की यात्रा 30 अगस्त से 02 सितंबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। नगर परिषद बरघाट द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों से 27 यात्रियों का चयन किया गया है। चयनित यात्रियों को आज नगर परिषद कार्यालय में टिकट वितरण कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, सभापति अभिलाष मालवी (गोलू), सभापति हेमंत राहंगडाले, सभापति असंत उइके, पार्षद जितेंद्र सिंगारे (पप्पू), सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अनिल पाठक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे सहित नगर परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

लापरवाही समय पर सफाई न होने के अलावा विभिन्न समस्या को लेकर भी पार्षद इस समय वार्ड में ध्यान नहीं दे रहे

कस्तूरबा वार्ड में सूअरों को आतंक नपा की लापरवाही वार्ड वासियों की मुसीबत

सिवनी नवभारत। नगर पालिका प्रशासन द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने पानी फेरता नजर आ रहा है जहां पूरे भारत में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है जहां नगर निगम नगर पालिका को सख्त आदेश और निर्देश दिए गए हैं कि भारत को स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाते हुए भारत को स्वच्छ बनाना है लेकिन सिवनी नगर पालिका में वर्तमान में नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया और वार्ड पार्षद भी भाजपा के होने के बाद भी कस्तूरबा वार्ड इस समय सुअरों के आतंक से परेशान है पार्षद वार्ड वासियों क कहना है कि समय पर सफाई न होने के अलावा विभिन्न समस्या को लेकर भी पार्षद इस समय वार्ड में ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका उदाहरण आज देखने को मिला जहां आवारा जानवर सहित सुअरों का आतंक वार्ड वासियों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है अगर इस पर कार्रवाई नहीं की तो निश्चित तौर पर वार्ड में बड़ी घटना देखने और सुनने को मिल सकती है जहां बरसात के चलते ना ही छिड़काव किया जा रहा है और ना ही नालियों की सफाई की जा रही है जिससे स्वाइन फ्लू की दस्तक वार्ड में देखने को मिल सकती है वही विगत दिनों सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कुछ वार्ड के विशेष विशेष लोगों के घरों के आसपास छिड़काव कर फॉर्मेलिटी की जाती है और नगर पालिका सहित अधिकारी कर्मचारियों को गुमराह किया जाता है

हालांकि वर्तमान उपलब्ध जानकारी के अनुसार H5 वायरसों में मनुष्य से मनुष्य में लगातार प्रभावी रूप से फैलने की क्षमता स्थापित नहीं हुई है। और अगर ऐसा लगे आपको तो लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय सलाह जरूरी ले जिससे अपने आप को भविष्य में होने वाली जैसे बुखार, खांसी, सांस लेने में परेशानी अथवा अन्य फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर स्वयं उपचार करने के बजाय चिकित्सकीय सलाह लेना उचित है।

विशेष रूप से संक्रमित या मृत पक्षियों के संपर्क में आने वाले लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके अलावा इसमें लोगों से अपील करो व अफवाहों से जरूर बचें ताकि सबको H1 या H5 वायरस का नाम सामने आने मात्र से घबराने की जरूरत नहीं है। किसी भी स्थानीय संक्रमण अथवा प्रकोप की पुष्टि केवल अधिकृत स्वास्थ्य विभाग और प्रयोगशाला जांच के आधार पर ही मानी जानी चाहिए। नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

वायरस को लेकर सतर्कता जरूरी वार्ड वासी की सावधान

वही जिस तरह से कस्तूरबा वार्ड में गंदगी और सुअरो का आतंक के कारण वार्ड मे कही ॥1 और ॥5 नाम से पहचाने जाने वाले वायरस इन्फ्लुएंजा वायरस केअलग-अलग उपप्रकारों से जुड़े हैं। इनमें H1N1 मानवों में पाए जाने वाले इन्फ्लुएंजा ए वायरस का एक प्रमुख प्रकार है, जबकि एवियन इन्फ्लुएंजा यानी बर्ड फ्लू से संबंधित वायरस है। जो वार्ड में देखने को मिल सकता है वही विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस मुख्य रूप से संक्रमित पक्षियों या उनके दूषित वातावरण के सीधे अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क से मनुष्यों में पहुंच सकता है। और विशेष सावधानी की जरूरत जिससेसंक्रमण के मामले सामान्यत: संक्रमित या मृत पक्षियों, पोल्ट्री अथवा दूषित वातावरण के संपर्क से जुड़े पाए गए हैं।

मां नर्मदा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, महाआरती में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

लखनादौन नवभारत। जनपद पंचायत लखनादौन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मां नर्मदा नगर, रामपुर चौक, कहानी स्थित मां नर्मदा मंदिर में महाआरती एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। आयोजन में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर महाआरती में शामिल हुए। बताया जाता है कि यह मंदिर पिछले करीब तीन वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी देवदास जी द्वारा श्रद्धालुओं को नि:शुल्क दवाइयां एवं माता का प्रसाद वितरित किया जाता है। मंदिर में दवा प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। मंदिर में पहुंचे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि मां नर्मदा मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना कर मां नर्मदा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कई भक्त इसे चमत्कारी एवं आस्था का मंदिर बताते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की बात कहते हैं। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर मां नर्मदा का जयघोष किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला।